बारिश से कहीं जलभराव तो नहीं निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने किया निरीक्षण, बारिश उपरांत देखी नालों की स्थिति

भिलाई नगर/ नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज सुबह 6:00 बजे सभी बड़े नालों का निरीक्षण किया। बीते रात्रि को हुए बारिश के कारण जलभराव की कहीं स्थिति तो निर्मित नहीं हो रही है इसका जायजा लेने आयुक्त सुबह निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम इंदु आईटी नाला का निरीक्षण किया , वहां उन्होंने पानी के फ्लो की स्थिति देखी , तत्पश्चात बाबा दीप सिंह नगर नाला , गौतम नगर स्थित नाला , कालीबाड़ी के समीप स्थित नाला आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो इसलिए आसपास के कचरे की सफाई भी व्यापक तौर पर हो जाए। बारिश के पानी के साथ कचरे की बहकर नालों में प्रवाहित होते हैं , ऐसी स्थिति में किनारों में कचरे एकत्र होने की संभावना बढ़ जाती है। इन सभी स्थितियों के लिए सदैव अपना अमला स्वास्थ्य विभाग तैयार रखें। इस वर्ष बड़े नालों तथा छोटी नालियों की अच्छी सफाई होने की वजह से जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं हो रही है। निरीक्षण में भी नालों से पानी का फ्लो अच्छा दिखा। आयुक्त ने अपने निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था भी देखी, प्रमुख सड़कों में रोड स्विपिंग की जानकारी ली , डिवाइडर से अनावश्यक झाड़ियों को हटाकर सफाई करने के निर्देश दिए। वही नालों के समीपस्थ स्थितियों का जायजा लिया और उचित कार्य योजना बनाकर सौंदर्यीकरण करने के भी निर्देश दिए। आयुक्त ने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की स्थिति की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल के निर्देश पर भिलाई शहर में विगत 3 महीने से बड़े नालों तथा छोटी नालियों की सफाई कराई गई है , जिसके चलते भारी बारिश में भी जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं हो रही है। वहीं बारिश पूर्व डुबान बस्तियों तथा जल भराव क्षेत्रों को चिन्हित करके जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए व्यापक सफाई अभियान चलाकर नालों की सफाई कराई गई है। जिसकी वजह से बारिश का पानी नाला के माध्यम से होकर अपने गंतव्य की ओर प्रवाहित हो रहा है और जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं हो रही है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा आदि मौजूद रहे।